# PURNIA UNIVERSITY, PURNIA

[Estd. In 2018 under the Bihar State Universities (Amendment) Act, 2016 (Bihar Act,13, 2016)]

(Administrative Block, Pratap Nagar, Purnea Bihar – 854301)

website : https://www.purneau.ac.in E-mail : registrar@purneau.ac.in

पत्रांक - PUP (Acd- 44/26)-R/26- 1274 दिनांक- 06.08.2026

सेवा मे,

सभी विभागाध्यक्ष, स्नातकोत्तर विभाग,

प्रधानाचार्य, अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालय,

पूर्णियां विश्वविद्यालय, पूर्णियां।

विषय:- उच्च शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक 14/ए-7-157/2025-992, दिनांक 29.07.2026 के आलोक में "अखिल भारतीय शिक्षा समागम (ABSS)-2026" के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 विषयक विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन एवं प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।

संदर्भ:- 1. PUP(RO-312/23)-R/26- 1254, दिनांक 01.08.2026

2. शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार का पत्र संख्या D.O. No. 2-3/2026-PN.II, दिनांक 24.07.2026

3. उच्च शिक्षा विभाग, बिहार सरकार का पत्रांक 14/एम -7-157/2025-992, दिनांक 29.07.2026

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय एवं संदर्भित पत्रों के आलोक में अवगत कराना है कि **राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)-2020 के छह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में** "अखिल भारतीय शिक्षा समागम (ABSS)-2026" के अंतर्गत विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में विविध शैक्षणिक, संवादात्मक, नवाचारपरक एवं छात्र-केंद्रित गतिविधियों के आयोजन दिनांक 05.08.2026 तक किये जाने का निर्देश दिया गया था। किन्तु कई महाविद्यालयों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन न किया जाना खेद जनक हैं।

अतः निर्देशित किया जाता है कि जिन महाविद्यालयों ने अभी तक कार्यक्रम का आयोजन नही कराया हैं, वे दिनांक 10 अगस्त, 2026 तक अनिवार्य रूप से कम-से-कम एक कार्यक्रम आयोजित करना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, उपलब्धियों, नवाचारों तथा विकसित भारत@2047 के संकल्प के प्रति जागरूकता एवं सहभागिता को प्रोत्साहित करना होगा।

महाविद्यालय निम्नलिखित में से एक अथवा एकाधिक गतिविधियों का आयोजन कर सकते हैं—

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के छह वर्षों की उपलब्धियों पर विशेष व्याख्यान, संगोष्ठी, परिचर्चा एवं विचार-विमर्श।
2. पैनल चर्चा/राउंड टेबल/हितधारक परामर्श (Stakeholder Consultation)
3. अनुसंधान, नवाचार, स्टार्ट-अप एवं श्रेष्ठ प्रथाओं (Best Practices) की प्रदर्शनी।
4. विद्यार्थियों हेतु वाद-विवाद, क्विज़, पोस्टर, कविता, निबंध, नवाचार, हैकाथॉन, वीडियो अथवा अन्य प्रतियोगिताएँ।
5. भारतीय भाषाओं, भारतीय ज्ञान परंपरा एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन।
6. उद्योग–शिक्षा संस्थान संवाद, कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम।
7. कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), अनुसंधान, बहुविषयक शिक्षा, छात्र कल्याण, कौशल विकास, नवाचार, आधारभूत संरचना, डिजिटल शिक्षा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तथा विकसित भारत@2047 से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श।

कुलसचिव
पूर्णियाँ विश्वविद्यालय
पूर्णियाँ (बिहार)
पिन- 854301

# PURNIA UNIVERSITY, PURNIA

[Estd. In 2018 under the Bihar State Universities (Amendment) Act, 2016 (Bihar Act,13, 2016)]

(Administrative Block, Pratap Nagar, Purnea Bihar – 854301)

website : https://www.purneau.ac.in E-mail : registrar@purneau.ac.in


8. महाविद्यालय की उपलब्धियों, नवाचारों एवं सफल पहलों का प्रदर्शन एवं प्रचार-प्रसार।

उक्त कार्यक्रम सम्पन्न होने के उपरांत प्रत्येक महाविद्यालय निम्नलिखित विवरण सहित अपना प्रतिवेदन दिनांक 11 अगस्त, 2026 तक विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगा—

I. कार्यक्रम का संक्षिप्त प्रतिवेदन।
II. आयोजित गतिविधियों का विवरण।
III. प्रतिभागियों की संख्या।
IV. कार्यक्रम से प्राप्त प्रमुख निष्कर्ष एवं अनुशंसाएँ।
V. नवाचार एवं श्रेष्ठ प्रथाओं का संक्षिप्त विवरण।
VI. कार्यक्रम के 10–15 उच्च गुणवत्ता वाले फोटोग्राफ।
VII. प्रेस कवरेज (यदि उपलब्ध हो)।

विश्वविद्यालय द्वारा सभी महाविद्यालयों मे प्राप्त प्रतिवेदनों का समेकन कर उच्च शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को समेकित प्रतिवेदन प्रेषित किया जाएगा। अतः सभी प्रधानाचार्य यह सुनिश्चित करेंगे कि कार्यक्रम का आयोजन निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए तथा प्रतिवेदन समय पर विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराया जाए।

यह भी अपेक्षित है कि कार्यक्रम में शिक्षकों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों, पूर्ववर्ती छात्रों (Alumni), उद्योग प्रतिनिधियों एवं अन्य हितधारकों की यथासंभव सहभागिता सुनिश्चित की जाए, जिससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों का व्यापक प्रसार एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

माननीय कुलपति के आदेशानुसार

06.8.26

(प्रो० अखिलेश कुमार)
कुलसचिव

**ज्ञापांक- PUP (Acd- 44/26)-R/26- 1274** **दिनांक- 06.08.2026**

**प्रतिलिपि:-**

1. अध्यक्ष छात्र कल्याण, पूर्णियां विश्वविद्यालय, पूर्णियां।
2. उप कुलसचिव शैक्षणिक, पूर्णियां विश्वविद्यालय, पूर्णियां, अभिलेख संधारण हेतु ।
3. IT Cell, University Website पर अपलोड किये जाने हेतु।
4. मीडिया ऑफिसर सूचना प्रकाशित किए जाने हेतु।
5. कुलपति के निजी सहायक, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ ।
6. गार्ड फाइल ।

06.8.26

(प्रो० अखिलेश कुमार)
कुलसचिव